

# भारत ने अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया

## पहले टी-20 में 157 रन का टारगेट 13 .4 ओवर में चेज किया, अभिषेक के 82 रन



**नई दिल्ली 13 सितंबर।** भारत ने पहले टी-20 में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। टीम ने 157 रन का टारगेट 13.4 ओवर में हासिल कर लिया। अभिषेक शर्मा ने 32 गेंद पर 82 रन की पारी खेली। उन्होंने 7 चौके और 7 छक्के लगाए। अभिषेक ने ईशान किशन के साथ 121 रन की साझेदारी की। ईशान 42 रन बनाकर आउट हुए।

अरुण जेटली स्टेडियम में इससे पहले अफगानिस्तान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 156 रन बनाए थे। अजमतुल्लाह उमरजई ने नाबाद 64 रन बनाए। भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट लिए। 13वें ओवर की चौथी गेंद में तिलक वर्मा ने बैकवर्ड पॉइंट की ओर शॉट खेलकर एक रन लेने की कोशिश की, लेकिन फील्डर का थ्रो स्टंप्स तक नहीं पहुंचा। भारत के बल्लेबाजों ने ओवरथ्रो का फायदा उठाकर दूसरा रन पूरा किया और मैच जीत लिया।

**ईशान किशन ने 5 चौके व 1 छक्का लगाया**

12.4 ओवर में मोहम्मद नबी की गेंद पर ईशान किशन ने लॉन्ग-ऑन की ओर तेज शॉट खेला, लेकिन वहां राशिद खान ने सिर के ऊपर से शानदार कैच पकड़ लिया। ईशान 33 गेंदों में 42 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 5 चौके और 1 छक्का शामिल रहा।

**राशिद ने अभिषेक का शानदार कैच पकड़ा**

भारत को 10.6 ओवर में दूसरा झटका लगा। मोहम्मद नबी की फुलटॉस गेंद पर अभिषेक शर्मा ने स्लॉग खेलने की कोशिश की, लेकिन शॉट सही से टाइम नहीं कर सके।

# केनी बेडनारेक ने जीता अल्टीमेट का खिताब

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**बुडापेस्ट, 13 सितम्बर अमेरिकी धावक केनी बेडनारेक ने वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 100 मीटर दौड़ का खिताब अपने नाम किया. ओलंपिक में 200 मीटर दौड़ में दो बार के रजत पदक जीतने वाले बेडनारेक ने शनिवार को हुए इस मुकाबले में 9.85 सेकंड का समय के साथ स्वर्ण पदक जीता. यह इस सीजन का उनका सबसे अच्छा समय था.**




उन्होंने जमैका के ओब्लिक सेविल (9.90) सेकंड समय के साथ दूसरे और अमेरिका के रॉनी बेकर (9.93) समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे. दौड़ जीतने के बाद कई पत्रकारों से बात करते हुए बेडनारेक ने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है, क्योंकि मुक़ाबला बहुत कड़ा था. इतने मज़बूत खिलाड़ियों के बीच जीत हासिल करना वाकई एक बड़ी बात है.' जब उनसे पूछा गया कि आखऱिकार कोई खिताब जीतने पर कैसा लग रहा है, तो उन्होंने कहा, 'मुझे निश्चित रूप से राहत महसूस हो रही है, क्योंकि पिछले कुछ सालों से बस रजत, रजत और रजत ही मिल रहा था. इतने अच्छे इवेंट में जीत हासिल करना वाकई बहुत मायने रखता है, क्योंकि इससे साबित होता है कि मैं ऐसा करने में सक्षम हूं और मैं यहीं का हूं.'

## एक नजर में


### बार्टमैन वनडे सीरीज से बाहर



**केप टाउन.** चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज ओटनिल बार्टमैन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गए हैं. उन्हें प्रथम श्रेणी सीजन के पहले मैच में बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को बार्टमैन ने डॉल्फ़िन्स के लिए केवल पांच ओवर फेंके और दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं की. अब उनकी रिकवरी में कितना समय लगेगा, यह जानने के लिए उनकी और मेडिकल जांच की जाएगी. उनकी जगह डुआन जानसन को टीम में बुलाया गया है, जो अभी नामीबिया में दक्षिण अफ्रीका की दूसरी टीम के साथ हैं. हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण कगिसो रबाडा के वनडे सीरीज से बाहर होने के बाद, बार्टमैन इस सीरीज से बाहर होने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं. क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने रबाडा के ठीक होने में लगने वाले समय के बारे में कोई अंदाजा नहीं दिया है और 9 अक्टूबर से शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए उनकी उपलब्धता पर फैसला सीरीज शुरू होने के आस-पास ही लिया जाएगा. बार्टमैन को टेस्ट टीम में भी शामिल करने पर विचार किया जा सकता है.

### 'बाली इंटरनेशनल ओवल' होगा मुख्य वेन्यू

**नुसंतारा.** क्रिकेट इंडोनेशिया उत्तरी बाली में 'बाली इंटरनेशनल ओवल' (बीआईओ) बना रहा है. यह दो ओवल वाला कॉम्प्लेक्स है जो देश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और हाई-परफॉर्मेंस ट्रेनिंग के लिए मुख्य स्थल बनेगा. इस प्रोजेक्ट में दो फुल-साइज टर्फ ओवल हैं. इसे केवल टूर्नामेंट के लिए इस्तेमाल होने वाली जगह के बजाय साल भर चलने वाली सुविधा के तौर पर बनाया जा रहा है. 'गरुड़ नेशनल क्रिकेट एकेडमी' इस कॉम्प्लेक्स में हाई-परफॉर्मेंस सेंटर के तौर पर काम करेगी. यह इंडोनेशिया की सीनियर और अलग-अलग उम्र की टीमों के लिए ट्रेनिंग बेस होगा और यहां विदेशी टीमें, एकेडमी, कोच और क्यूरेटर भी आ सकेंगे. दोनों ओवल की जगह तय हो चुकी है और सेंटर-विकेट ब्लॉक आकार ले रहे हैं. अगले चरण में विकेट तैयार करना, सतह को बेहतर बनाना, ड्रेनेज और सिंचाई का काम, साथ ही खास ग्राउंड मशीनरी लगाना और हाई-परफॉर्मेंस, टीम और ब्रॉडकास्ट सुविधाएं विकसित करना शामिल होगा. क्रिकेट इंडोनेशिया बीआईओ को एशिया-पैसिफिक के लिए एक संभावित हाई-परफॉर्मेंस हब के तौर पर भी देखता है.



### गांगुली बनेंगे हेड कोच, दिल्ली में होंगे बड़े बदलाव

**नई दिल्ली.** आईपीएल 2027 से पहले दिल्ली कैपिटल्स के खेमे में बड़े बदलाव के संकेत मिल रहे हैं. टीम के कोचिंग और सहयोगी स्टाफ में कई नए चेहरे जुड़ सकते हैं. श्रीलंका के दिग्गज तेज गेंदबाज चामिंडा वास हाल ही में दिल्ली में हुए टीम के तैयारी शिविर और खिलाड़ियों के परीक्षण में नजर आए. इसके बाद उनके दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़ने की चर्चा तेज हो गई है. हालांकि, 13 सितंबर तक फ्रेंचाइजी ने वास को तेज गेंदबाजी कोच बनाए जाने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है. वास के साथ-साथ पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली का नाम भी मुख्य कोच की भूमिका के लिए चर्चा में है. माना जा रहा है कि वह हेमांग बदानी की जगह ले सकते हैं. इसके अलावा पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह को सहायक कोच की जिम्मेदारी दिए जाने की अटकलें हैं. पूर्व भारतीय स्पिनर अमित मिश्रा भी दिल्ली के तैयारी शिविर में नजर आ चुके हैं. उन्हें टीम के स्पिन विभाग से जोड़े जाने की संभावना जताई जा रही है.





# भारत बना विमेंस एशिया कप चैम्पियन

## फाइनल में श्रीलंका को 72 रन से हराया, शेफाली-स्मृति की फिफ्टी

**दुबई 13 सितंबर।** भारत ने विमेंस एशिया कप का खिताब 8वीं बार जीत लिया है। दुबई में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने श्रीलंका को 72 रन से हराया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 183 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 111 रन पर ऑलआउट हो गई।

शेफाली वर्मा ने 68 और स्मृति मंधाना ने 59 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 129 रन की साझेदारी की। गेंदबाजी में श्री चरणी ने 4 विकेट लिए, जबकि दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट झटके।

**श्रीचरणी को मिला चौथा विकेट**

18वें ओवर में श्रीलंका ने आठवां विकेट गंवा दिया। श्री चरणी ने ओवर की पांचवी गेंद पर सुगंदिका कुमारी (1) को पवेलियन भेजा। डीप मिड-विकेट पर नंदनी शर्मा ने आगे डाइव लगाकर शानदार कैच पकड़ा। यह मैच में चरणी का चौथा विकेट है।

**दीप्ति ने एक ही ओवर में 2 विकेट लिए**

10वें ओवर में स्पिनर दीप्ति शर्मा ने 2 विकेट चटका दिए। अटापट्टु को आउट करने के बाद उन्होंने विश्मी गुणरत्ने (20) को बोल्ड कर दिया। गुणारत्ने ने स्वीप शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन वह बीट हुईं और गेंद लेग स्टंप पर जा लगी।

**स्मृति मंधाना हुईं रनआउट**

14वें ओवर में भारत को दूसरा झटका लगा। स्मृति मंधाना 59 रन के स्कोर पर रनआउट हुईं। हरमनप्रीत कौर के कट शॉट पर दोनों स्मृति ने रन चुराने की कोशिश की। इस बीच पॉइंट से कवीशा दिलहारी ने थ्रो किया और विकेटकीपर ने गिल्लियां बिखेर दीं।

**शेफाली की आक्रामक पारी**

13वें ओवर में भारत को शेफाली वर्मा के रुप में पहला झटका लगा। चामुडी प्रबोदा के ओवर की पांचवी गेंद पर उनका विकेट गिरा। वह गेंद को कवर्स के ऊपर से खेलने गई, लेकिन वहां मौजूद चमारी अटापट्टू को कैच दे बैठीं। शेफाली ने 39 गेंद में 9 चौके और 2 छक्कों की मदद से 68 रन बनाए।



# चीन को हराकर भारत फिर बना एशिया का सरताज

- सानिका के गोल से मिली 1-0 की जीत
- लगातार तीसरी बार महिला एशिया कप पर कब्जा

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली , 13 सितम्बर भारतीय महिला हॉकी टीम ने जूनियर एशिया कप में लगातार तीसरी बार चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया. चीन में रविवार को खेले गए फाइनल में भारत ने मेजबान चीन को 1-0 से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया.**

मुकाबले का एकमात्र गोल सानिका चंद्रकांत माने ने 17वें मिनट में किया. इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार रक्षात्मक खेल दिखाते हुए चीन को बराबरी का मौका नहीं दिया. इस जीत के साथ भारत ने एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप में भी अपनी जगह पक्की कर ली.

फाइनल की शुरुआत दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर के साथ हुई. पहले क्वार्टर में भारतीय टीम ने कई अच्छे हमले किए, लेकिन चीन की मजबूत रक्षापंक्ति के सामने गोल नहीं कर सकी. दूसरे क्वार्टर में 17वें मिनट में भारत को सफलता मिली. सानिका ने शानदार तालमेल के बाद गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी.

**भारत ने अपना संयम नहीं खोया**

इसके बाद चीन ने बराबरी के लिए लगातार दबाव बनाया, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने उसके सभी प्रयासों को नाकाम कर दिया. तीसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम ने बढ़त को कायम रखा. चीन ने आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन भारतीय गोलकीपर और डिफेंस ने शानदार बचाव किया. आखिरी क्वार्टर में चीन ने बराबरी के लिए कई प्रयास किए, मगर भारत ने अपना संयम नहीं खोया. अंतिम सीटी बजने तक स्कोर 1-0 ही रहा और भारतीय टीम ने लगातार तीसरी बार ट्रॉफी अपने नाम कर ली.

# दिव्यांशी का उत्पीड़न के आरोप से यू टर्न

**फेडरेशन के फैसले को किया मंजूर**

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली , 13 सितम्बर वुशु खिलाड़ी दिव्यांशी चौधरी ने चोट के कारण एशियाई खेलों की टीम से बाहर किए जाने के उत्पीड़न के आरोप से यू टर्न ले लिया है.**



दिव्यांशी स्क्वाड से बाहर किए जाने के बाद खेल के राष्ट्रीय महासंघ के खिलाफ अपना गुस्सा उतारा था, लेकिन अब उनके तेवर नरम पड़ गए हैं और उन्होंने कहा कि उन्हें इस खेल संस्था का पूरा समर्थन मिल रहा है. खेल मंत्रालय ने 22 अगस्त को जो सूची जारी की थी उसमें दिव्यांशी को आइची-नागोया एशियाई खेलों के लिए सात सदस्यीय वुशु टीम में शामिल किया गया था.

लेकिन उनके चोटिल हो जाने के बाद उनकी जगह एशियाई खेलों की दो बार की पदक विजेता नोरम रोशिबिना देवी को महिला 60 किलोग्राम वर्ग में शामिल किया गया.

**दिव्यांशी ने वीडियो पोस्ट कर लगाया था आरोप**

दिव्यांशी ने इससे पहले एक वीडियो में दावा किया था कि डॉक्टरों ने चोट के बावजूद उन्हें एशियाई खेलों में भाग लेने की अनुमति दे दी थी, लेकिन एक नए वीडियो में उन्होंने भारतीय वुशु महासंघ के फैसले को स्वीकार कर लिया है. उन्होंने कहा, ''मेरे फेडरेशन ने मुझे समझाया कि फिटनेस सबसे महत्वपूर्ण है ताकि मैं भविष्य में भारत के लिए पदक जीत सकूं. मैं सोच रही थी कि फेडरेशन मेरा साथ नहीं दे रहा है लेकिन अब मुझे समझ आ गया है कि वह मेरे साथ है और 2030 में होने वाले एशियाई खेलों के लिए मुझे अपना पूरा समर्थन देगा.''

# नेपाल ने एशिया कप में फिर बनाई जगह

## प्रीमियर कप फाइनल में यूएई को 44 रन से हराया




**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली , 13 सितम्बर नेपाल ने एशिया कप 2027 के लिए क्वालिफाई कर लिया है. कुआलालंपुर के बायोमास ओवल में खेले गए एसीसी प्रीमियर कप के फाइनल में नेपाल ने यूएई को 44 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया.**

जीत के साथ नेपाल ने अगले साल होने वाले एशिया कप में जगह पक्की कर ली. नेपाल दूसरी बार इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा. इससे पहले टीम ने 2023 में पहली बार एशिया कप खेला था, जहां उसे भारत और पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था. फाइनल में नेपाल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. सलामी बल्लेबाज आसिफ शेख ने शानदार शतक जमाते हुए टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई. उन्होंने 106 गेंदों में 102 रन बनाए.

**यूएई की शुरुआत तेज, फिर लड़खड़ाई पारी**

314 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई ने आक्रामक शुरुआत की। तनीश सूरी ने महज 28 गेंदों में 42 रन बनाकर टीम को पांच ओवर में 45 रन तक पहुंचा दिया। हालांकि इसके बाद यूएई ने अगले 11 रन के भीतर तीन विकेट गंवा दिए। इससे टीम दबाव में आ गई।

# हॉकी इंडिया : डीजी की सारी शक्तियां छीनीं

## अध्यक्ष दिलीप ने कर्नल आरके श्रीवास्तव को भेजा कानूनी नोटिस

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली , 13 सितम्बर हॉकी इंडिया में चल रही अंदरूनी खींचतान के बीच अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने बड़ा फैसला लिया है. उन्होंने महानिदेशक कर्नल आरके श्रीवास्तव की सभी शक्तियां तत्काल प्रभाव से वापस ले ली हैं. टिर्की की ओर से उनके वकील ने श्रीवास्तव को ईमेल के जरिए कानूनी नोटिस भेजा है.**

इसमें हॉकी इंडिया में अनुशासन, जवाबदेही और संगठन का कामकाज सुचारू बनाए रखने का हवाला देते हुए महानिदेशक को दिए गए सभी अधिकार समाप्त करने की जानकारी दी गई है.



नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि हॉकी इंडिया के उपनियमों के तहत आगे कोई निर्णय होने तक श्रीवास्तव संगठन की ओर से किसी भी तरह के अधिकार का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे. उन्हें हॉकी इंडिया की तरफ से किसी प्रकार का काम करने से भी रोक दिया गया है. कानूनी नोटिस में श्रीवास्तव को हॉकी इंडिया के संचालन से संबंधित पूरा प्रभार अध्यक्ष कार्यालय की ओर से लिखित रूप से नामित पदाधिकारियों या व्यक्तियों को सौंपने का निर्देश दिया गया है.

**आगे के फैसले तक अधिकार रहेंगे वापस**

नोटिस के अनुसार श्रीवास्तव को अब हॉकी इंडिया की ओर से किसी प्रकार का निर्णय लेने या संगठन का प्रतिनिधित्व करने का अधिकार नहीं होगा. उपनियमों के तहत आगे की प्रक्रिया और निर्णय होने तक यह व्यवस्था प्रभावी रहेगी. अध्यक्ष दिलीप टिर्की के इस फैसले के बाद हॉकी इंडिया में चल रही अंदरूनी खींचतान और तेज होने के संकेत हैं. संगठन के संचालन से जुड़े अधिकारों को लेकर अब आगे क्या फैसला होता है.

**टेनिस** पहला खिताब जीतने के साथ सोमवार को बनेंगी दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी

# रायबाकिना ने सबालेंका को हराकर जीता यूएस ओपन

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 13 सितम्बर. कजाकिस्तान की स्टार टेनिस खिलाड़ी एलेना रायबाकिना ने आर्यना सबालेंका की बादशाहत खत्म करते हुए पहली बार यूएस ओपन का खिताब जीत लिया.**

न्यूयॉर्क में शनिवार रात खेले गए महिला एकल के फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त रायबाकिना ने दो बार की मौजूदा चैंपियन सबालेंका को 6-4, 5-7, 6-2 से शिकस्त दी. इस जीत के साथ रायबाकिना ने अपना पहला यूएस ओपन खिताब तो जीता ही, साथ ही विश्व रैंकिंग में भी शीर्ष स्थान हासिल करने का रास्ता साफ कर लिया. सोमवार को जारी होने वाली नई रैंकिंग में वह नंबर-1 बन जाएंगी और सबालेंका का 99 सप्ताह तक शीर्ष पर रहने का सिलसिला खत्म हो जाएगा.



फाइनल में रायबाकिना को शुरुआत से ही सबालेंका के आक्रामक खेल का सामना करना पड़ा. पहले सेट में उन्होंने जल्दी ब्रेक हासिल किया और अपनी बढ़त कायम रखते हुए 6-4 से सेट अपने नाम कर लिया. सबालेंका ने दूसरे सेट में जोरदार वापसी की.

5-5 के स्कोर पर उन्होंने तीन ब्रेक पॉइंट बचाए और इसके बाद महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल कर सेट 7-5 से जीत लिया. मुकाबला निर्णायक सेट में पहुंच गया. तीसरे सेट में रायबाकिना ने फिर रणनीति बदली. उन्होंने शुरुआत में ही ब्रेक हासिल कर 2-1 की बढ़त बनाई और लंबी बेसलाइन रैलियों में धैर्य बनाए रखा. उन्होंने जल्दबाजी करने के बजाय सबालेंका की गलतियों का इंतजार किया. इसका फायदा उन्हें मिला और एक और ब्रेक के साथ वह 5-2 से आगे हो गईं. इसके बाद मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया. रायबाकिना खिताब के लिए सर्विस कर रही थीं और स्कोर 40-15 था. उनके पास पहला चैंपियनशिप पॉइंट था, लेकिन उन्होंने डबल फॉल्ट कर दिया. इससे सबालेंका को वापसी की उम्मीद जगी. हालांकि रायबाकिना ने दबाव को खुद पर हावी नहीं होने दिया. अगले ही अंक पर उन्होंने जोरदार ऐस लगाकर मुकाबला खत्म कर दिया. इस जीत के साथ रायबाकिना ने सबालेंका के खिलाफ फाइनल में अपनी मानसिक मजबूती का भी परिचय दिया. पूरे मुकाबले में उन्होंने आक्रामक शॉट खेलने के बजाय सही मौकों का इंतजार किया.